जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

सीरीज़ **B**

क्रमांक :

# कोड : CNTPARB

**2016**

## विषय : सामान्य अध्ययन

समय : 2 घण्टे | पूर्णांक : 140

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स के अन्दर लिखें — अंकों में → शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बॉल-प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक निरीक्षक को सौंप दें।

### महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
3. इस परीक्षण पुस्तिका में 140 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा गहरा कर दें। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। इसके अलावा परीक्षण पुस्तिका के अन्दर और कुछ न लिखें। यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो आप निरीक्षक से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनाएँ भर लें।
5. परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.***

## सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
   (a) वी.डी. सावरकर – दी इण्डियन वार ऑफ इण्डिपेण्डेंस
   (b) आर.सी. मजूमदार – दी सेपॉय म्यूटिनी एण्ड रिवोल्ट ऑफ 1857
   (c) राधाकमल मुखर्जी – अवध इन रिवोल्ट (1857-1858)
   (d) एस.बी. चौधरी – सिविल रिबेलियन्स इन दी इण्डियन म्यूटिनीज (1857-1859)

2. ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित प्रान्तों पर विचार कीजिए और उन प्रान्तों को पहचानिए जहाँ 1937 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का मन्त्रिमण्डल नहीं बना ?
   1. मध्य प्रान्त
   2. उड़िसा
   3. बंगाल
   4. पंजाब

   निम्नलिखित कूट से सही उत्तर चुनिए :
   (a) 1 और 2 (b) 3 और 4
   (c) 2 और 3 (d) 1 और 4

3. अगस्त 1925 में सेण्ट्रल लेजिस्लेटिव एसेम्बली का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन था ?
   (a) सी.आर. दास (b) मोतीलाल नेहरू
   (c) एम.आर. जयकर (d) विट्ठलभाई पटेल

4. निम्नलिखित में से किसने "पॉलिटिक्स इन इण्डिया" पुस्तक लिखी है ?
   (a) रजनी कोठारी (b) एम.एन. श्रीनिवास
   (c) आशीष नन्दी (d) डी.एल. शेठ

5. निम्नलिखित संस्थाओं पर विचार कीजिए :
   1. बंगभाषा प्रकाशिका सभा 1836
   2. लैण्डहोल्डर्स सोसायटी 1838
   3. बंगाल ब्रिटिश इण्डिया सोसायटी 1843
   4. इण्डियन लीग 1875

   इन संस्थाओं की स्थापना वर्ष के सही कालानुक्रम को निम्नलिखित कूट से चुनिए :
   (a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 3, 2, 4
   (c) 2, 1, 3, 4 (d) 2, 3, 4, 1

6. निम्नलिखित में से कौन एक भारतीय संविधान के अन्तर्गत आपात की उद्घोषणा का आधार नहीं हो सकता है ?
   (a) युद्ध (b) बाह्य आक्रमण
   (c) सशस्त्र विद्रोह (d) आन्तरिक अशान्ति

7. भारतीय संविधान के प्राधिकृत हिन्दी पाठ को निम्नलिखित संविधान संशोधनों में से किसके द्वारा प्रकाशित करने के लिए अधिकृत किया गया ?
   (a) 57वाँ संशोधन, 1987
   (b) 58वाँ संशोधन, 1987
   (c) 59वाँ संशोधन, 1988
   (d) 60वाँ संशोधन, 1988

8. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान के अन्तर्गत सही सुमेलित नहीं है ?
   (a) पंचायत – भाग 9
   (b) नगरपालिकाएँ – भाग 9-क
   (c) सहकारी समितियाँ – भाग 9-ख
   (d) अधिकरण – भाग 10

9. भारतीय संविधान के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
   (1) संघ मन्त्रिपरिषद लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगा ।
   (2) संघ के मंत्री, प्रधान मंत्री के प्रसाद पर्यन्त अपने पद धारण करेंगे ।

   इनमें से
   (a) केवल (1) सही है ।
   (b) (1) और (2) दोनों सही हैं ।
   (c) न तो (1) न (2) सही है ।
   (d) केवल (2) सही है ।

10. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. सातवीं अनुसूची | 1. भाषाएँ |
| B. आठवीं अनुसूची | 2. दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता |
| C. नवीं अनुसूची | 3. विधायी शक्तियों का वितरण |
| D. दसवीं अनुसूची | 4. कुछ अधिनियमों का विधिमान्यकरण |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**11.** निम्नलिखित में से किस भारतीय पंचवर्षीय योजना ने सभी विकासात्मक प्रयासों के सार के रूप में मानव विकास को मान्यता दी ?

(a) सातवीं पंचवर्षीय योजना

(b) आठवीं पंचवर्षीय योजना

(c) छठीं पंचवर्षीय योजना

(d) पाचवीं पंचवर्षीय योजना

**12.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) जीएसटी परिषद की अध्यक्षता संघीय वित्त मन्त्री करते हैं और केन्द्र के राजस्व या वित्त के प्रभारी राज्य मन्त्री इसके एक सदस्य हैं ।

(2) जीएसटी परिषद कर दर से छूट वाली वस्तुओं के बारे में निर्णय करेगी और नयी कर नीति की देहली निर्धारण भी करेगी ।

(3) राज्य सरकारों के पास वैट उगाही का विकल्प होगा, यदि वे ऐसा चाहें ।

इनमें से

(a) केवल (1) सही है ।

(b) केवल (2) सही है ।

(c) केवल (2) और (3) सही हैं ।

(d) केवल (1) और (2) सही हैं ।

**13.** वर्ष 2015-2016 में भारत का कौन सा राज्य गेहूँ का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य था ?

(a) हरियाणा (b) उत्तर प्रदेश

(c) पंजाब (d) बिहार

**14.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (कार्यक्रम) | सूची – II (शुरू करने का वर्ष) |
|---|---|
| A. स्वर्णजयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना | 1. 1997 |
| B. स्वर्णजयन्ती शहरी रोजगार योजना | 2. 1989 |
| C. जवाहर रोजगार योजना | 3. 1999 |
| D. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन | 4. 2005 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**15.** निम्नलिखित में से कौन लोक संस्कृति को स्पष्ट करता है ?

(a) अधिक सभ्य लोगों की सांस्कृतिक परिपाटी

(b) नगरीय लोगों की सांस्कृतिक परिपाटी

(c) सामान्य लोगों की सांस्कृतिक परिपाटी

(d) आधुनिक समाज के लोगों की सांस्कृतिक परिपाटी

**16.** ऋग्वेद है

(a) स्तोत्रों का संकलन (b) कथाओं का संकलन

(c) शब्दों का संकलन (d) युद्ध का ग्रन्थ

**17.** निम्नलिखित में से कौन सही रूप से सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) विलायत खान – सितार

(b) अल्ला रखा – तबला

(c) हरि प्रसाद चौरसिया – बाँसुरी

(d) अमजद अली खान – पखावज

**18.** किसान क्रेडिट कार्ड योजना के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) किसान क्रेडिट कार्ड योजना वर्ष 2001 में शुरू की गई थी ।

(2) यह योजना किसानों को उनकी खेती की आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त और समयानुकूल साख समर्थन प्रदान करती हैं ।

इनमें से

(a) केवल (1) सही है ।

(b) केवल (2) सही है ।

(c) (1) और (2) दोनों सही हैं ।

(d) न तो (1) न (2) सही है ।

**19.** भारत में फसलों की बुआई के अन्तर्गत शुद्ध क्षेत्रफल है लगभग

(a) 12 करोड़ हे. (b) 16 करोड़ हे.

(c) 14 करोड़ हे. (d) 17 करोड़ हे.

**20.** निम्नलिखित में से किस कण का व्यास 0.002 मि.मी. से कम होता है ?

(a) मृत्तिका

(b) गाद

(c) महीन बालू

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** नाबार्ड के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) नाबार्ड संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 1982 में स्थापित हुआ ।

(2) यह केवल कृषि के लिए साख की सुविधा प्रदान करता है ।

इनमें से

(a) केवल (1) सही है ।

(b) केवल (2) सही हैं ।

(c) (1) और (2) दोनों सही हैं ।

(d) न तो (1) न (2) सही है ।

22. कर्नाल बण्ट रोग है
(a) जौ फसल का (b) गेहूँ फसल का
(c) बाजरा फसल का (d) ज्वार फसल का

23. निम्नलिखित में से कौन सही रूप से सुमेलित नहीं है ?

| पादप पोषक-तत्त्व | कार्य |
| --- | --- |
| (a) नत्रजन | – वृद्धि एवं विकास |
| (b) फॉस्फोरस | – जड़ का विकास |
| (c) पोटैशियम | – स्टोमेटा के खुलने का एवं बन्द होने का नियंत्रण |
| (d) बोरॉन | – रोग प्रतिरोधकता |

24. उपभोक्ता सहकारी भण्डार स्थापित किये जाते हैं
(a) सदस्यों द्वारा
(b) सहकारी समितियों के निबन्धक द्वारा
(c) केन्द्र सरकार द्वारा
(d) राज्य सरकार द्वारा

25. सेबी अधिनियम पारित हुआ था
(a) 1956 में (b) 1962 में
(c) 1992 में (d) 2013 में

26. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
| --- | --- |
| A. कैपिटल गेन टैक्स | 1. आय |
| B. सेन्ट्रल एक्साइज़ ड्यूटी | 2. फैक्टरी निर्मित वस्तु |
| C. कस्टम ड्यूटी | 3. आयात |
| D. कॉरपोरेट टैक्स | 4. सम्पत्ति विक्रय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

27. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?
(a) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय – मध्य प्रदेश
(b) सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय – उत्तर प्रदेश
(c) इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय – राजस्थान
(d) आचार्य एन.जी. रंगा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी – तेलंगाना

28. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम (एमएसएमईडी) पारित हुआ
(a) 2005 ई. में (b) 2006 ई. में
(c) 2007 ई. में (d) 2008 ई. में

29. लघु निर्माणी उद्योग में प्लाण्ट एवं मशीनरी में विनियोग की मात्रा होनी चाहिए :
(a) 10 लाख रुपए से अधिक नहीं ।
(b) 10 लाख रुपए से ऊपर परन्तु 25 लाख रुपए से अधिक नहीं ।
(c) 25 लाख रुपए से ऊपर परन्तु 5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं ।
(d) 5 करोड़ रुपए से ऊपर परन्तु 10 करोड़ रुपए से अधिक नहीं ।

30. 2011 की जनगणना के आधार पर उत्तर प्रदेश के सन्दर्भ में निम्नलिखित आँकड़ों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

| लक्षण | मान |
| --- | --- |
| (a) देश की जनसंख्या में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का प्रतिशत | – 18.5% |
| (b) प्रति वर्ग कि.मी. घनत्व | – 829 |
| (c) उत्तर प्रदेश की 2001-2011 दशाब्द में जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि | – 20.23 प्रतिशत |
| (d) महिला साक्षरता | – 57.18% |

31. निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या सर्वाधिक है ?
(a) महाराष्ट्र (b) बिहार
(c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A)** : भारत की जनगणना हर दस वर्ष पर की जाती है ।
**कारण (R)** : दस वर्ष की अवधि के दौरान भारत की जनसंख्या अधिकांशतः अपरिवर्तित रही है ।
नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

33. विनिमय साध्य विलेख अधिनियम प्रभावकारी हुआ :
(a) 1881 ई. से (b) 1882 ई. से
(c) 1883 ई. से (d) 1884 ई. से

34. 2011 की भारत की जनगणना के लिए निम्नलिखित में से कौन सा आदर्श वाक्य उपयोग किया गया था ?
(a) अवर फ्यूचर, अवर कण्ट्री
(b) अवर कण्ट्री, अवर सेन्सस
(c) पीपुल ऑफ इण्डिया – अवर सेन्सस
(d) अवर सेन्सस, अवर फ्यूचर

35. निम्नलिखित में से कौन सा अभयारण्य सही सुमेलित नहीं है ?

| | पक्षी विहार | | स्थान |
|---|---|---|---|
| (a) | समसपुर | – | रायबरेली |
| (b) | नवाबगंज | – | इलाहाबाद |
| (c) | बखीरा | – | सन्त कबीर नगर |
| (d) | सण्डी | – | हरदोई |

36. पारिस्थितिकीय पदछाप के माप की इकाई है :
(a) भूमण्डलीय हेक्टेयर (b) नैनोमीटर
(c) हॉपस क्यूबिक फूट (d) क्यूबिक टन

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A)** : भारत में वनक्षेत्र का ह्रास भारत के जनांकिकीय संक्रमण से प्रत्यक्षतः सम्बन्धित रहा है ।
**कारण (R)** : वनक्षेत्र एवं जनसंख्या वृद्धि में प्रायः नकारात्मक सम्बन्ध होता है ।
नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर चुनिए :
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

38. निम्नलिखित में से कौन छत्तीसगढ़ में स्थित है ?
(a) अंशी राष्ट्रीय उद्यान
(b) बेटला राष्ट्रीय उद्यान
(c) इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान
(d) गूगामल राष्ट्रीय उद्यान

39. जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किसमें जनसंख्या घनत्व सबसे कम है ?
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) पश्चिमी बंगाल (d) केरल

40. भितरकनिका गरान के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(1) यह वंशधारा और सुवर्णरेखा नदियों के डेल्टा में स्थित है ।
(2) यह पश्चिमी बंगाल में अवस्थित है ।
इनमें से
(a) केवल (1) सही है ।
(b) केवल (2) सही है
(c) (1) और (2) दोनों सही हैं ।
(d) न तो (1) न (2) सही है ।

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A)** : भारत में सन् 2001 के पश्चात् शहरीकरण में तीव्र वृद्धि हुई है ।
**कारण (R)** : भारत में मोबाइल सम्प्रेषण के क्षेत्र में क्रान्ति हो रही है ।
नीचे दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए :
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

42. निम्नलिखित राज्यों को 2011 जनगणना के अनुसार उनके नगरीकरण के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा राज्यों के नीचे दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए :
1. केरल 2. मिजोरम
3. गोवा 4. तमिलनाडु
**कूट** :
(a) 3, 2, 4, 1 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 3, 4, 1, 2 (d) 4, 1, 2, 3

43. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र) | सूची – II (राज्य) |
|---|---|
| A. सिमिलीपाल | 1. हिमाचल प्रदेश |
| B. दिहांग दिबांग | 2. उत्तराखण्ड |
| C. नोकरेक | 3. अरुणाचल प्रदेश |
| D. कोल्ड डेज़र्ट | 4. ओडिशा |
| | 5. मेघालय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 5 | 4 |
| (b) | 1 | 5 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 5 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 5 | 1 |

44. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या निम्नलिखित नगरीय युग्मों में से किसमें दर्शित हुई ?
(a) कोलकाता एवं दिल्ली
(b) दिल्ली एवं बेंगलुरु
(c) मुम्बई एवं कोलकाता
(d) मुम्बई एवं दिल्ली

45. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या विश्व की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है ?
(a) 17.31 (b) 18.50
(c) 18.90 (d) 19.05

46. यूनेस्को ने जुलाई, 2016 में भारत के निम्नलिखित किस राष्ट्रीय उद्यान को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया ?
(a) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
(b) काञ्चनजंगा (खांगचेंग जोंगा) राष्ट्रीय उद्यान
(c) कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(d) फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान

47. सोलर इम्पल्स-2 विमान ने जुलाई, 2016 में अपनी विश्व भ्रमण यात्रा निम्नलिखित में से किस स्थान पर पूर्ण की ?
(a) काहिरा (b) अदन
(c) मस्कट (d) अबू धाबी

48. सितम्बर 2016 में निम्नलिखित में से किस देश को मलेरिया-मुक्त देश के रूप में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित किया गया है ?
(a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका
(c) नेपाल (d) भारत

49. रियो-2016 के पैरालम्पिक में निम्नलिखित में से किस भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्णपदक जीता ?
(a) झांझरिया (b) परवेज रसूल
(c) मरियप्पन थंगावेलू (d) दीपा करमाकर

50. सितम्बर 2016 में सम्पन्न हुए अन्डर 18 एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच में भारत ने किसको हराया ?
(a) बांग्लादेश (b) चीन
(c) ओमान (d) पाकिस्तान

51. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2011 के जनगणना के अनुसार दस लाखी प्लस के नगरीय समूह <u>नहीं</u> है ?
(a) हरियाणा (b) जम्मू-कश्मीर
(c) ओडिशा (d) झारखण्ड

52. 2016 में घोषित सम्पोषणीय विकास लक्ष्य सूचकांक में भारत का स्थान है
(a) 110वाँ (b) 115वाँ
(c) 120वाँ (d) 130वाँ

53. जुलाई 2016 तक यूनेस्को ने भारत में कितने विश्व धरोहर स्थल अधिसूचित किए हैं ?
(a) 37 (b) 36
(c) 35 (d) 34

54. दिसम्बर, 2016 में "मेक इन इण्डिया सम्मेलन" प्रस्तावित है :
(a) चेन्नई में (b) भुबनेश्वर में
(c) कोलकाता में (d) नई दिल्ली में

55. सितम्बर 2016 में निम्नलिखित में से किन सांसदों ने "पाकिस्तान स्टेट स्पान्सर ऑफ टेररिज्म डेजिग्नेशन ऐक्ट (एच.आर. 6069)" शीर्षक बिल पेश किया ?
(a) टेड पो एवं जोए बार्टन
(b) जोए बार्टन एवं डाना रोराबाखर
(c) एड राइस एवं सैम जॉन्सन
(d) टेड पो एवं डाना रोराबाखर

56. 21 सितम्बर 2016 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित स्वास्थ्य समस्याओं पर एक उच्चस्तरीय बैठक आहत की थी ?
(a) प्रतिसूक्ष्मजीवी प्रतिरोध
(b) एच.आई.वी.
(c) इबोला
(d) मधुमेह

57. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित में से किस मण्डल में प्रथम समाजवादी अभिनव विद्यालय खोला गया था ?
(a) इलाहाबाद (b) अलीगढ़
(c) आगरा (d) वाराणसी

58. भारतीय सेना ने पीओके के आतंकवादियों के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक किया :
(a) 27 सितम्बर, 2016 को
(b) 28 सितम्बर, 2016 को
(c) 29 सितम्बर, 2016 को
(d) 30 सितम्बर, 2016 को

59. संघ वित्त मन्त्री अरुण जेटली ने अक्टूबर, 2016 में यह घोषित किया कि आय घोषणा योजना (आई.डी.एस.), 2016 के अन्तर्गत 30 सितम्बर 2016 तक घोषित काला धन है लगभग :
(a) ₹ 29,365 करोड़ (b) ₹ 55,250 करोड़
(c) ₹ 64,275 करोड़ (d) ₹ 65,250 करोड़

60. पैरालम्पिक के इतिहास में पहली बार रियो पैरालम्पिक 2016 में किस खेल स्पर्धा में भाग लेने के बाद दो भारतीय एक साथ पोडियम पर खड़े हुए ?
(a) शूटिंग (b) तैराकी
(c) भाला फेंक (d) ऊँची कूद

61. 29 अगस्त, 2016 को "एल ई एम ओ ए" किन दो देशों के मध्य हस्ताक्षरित हुआ ?
(a) भारत व यू.एस.ए. (b) भारत व फ्रान्स
(c) भारत व इजराइल (d) भारत व रूस

62. नीली नील (ब्ल्यू नाइल) नदी निम्नलिखित में से किस झील से निकलती है ?
(a) विक्टोरिया झील (b) ताना झील
(c) एडवर्ड झील (d) एल्बर्ट झील

63. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

| पोत निर्माण केन्द्र (यू.एस.ए.) | | राज्य |
|---|---|---|
| (a) ह्यूस्टन | – | टेक्सस् |
| (b) स्पैरोज पॉइट | – | मैरीलैण्ड |
| (c) न्यू आर्लियंस | – | लूइज़ियाना |
| (d) कैमडेन | – | फ्लोरिडा |

64. निम्नलिखित सागरों का पश्चिम से पूर्व सही क्रम है :
(a) काला सागर, भूमध्य सागर, कैस्पियन सागर, अरल सागर
(b) कैस्पियन सागर, भूमध्य सागर, काला सागर, अरल सागर
(c) भूमध्य सागर, काला सागर, कैस्पियन सागर, अरल सागर
(d) काला सागर, भूमध्य सागर, अरल सागर, कैस्पियन सागर

65. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के अन्त में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (नदियाँ) | सूची – II (में प्रवाहित) |
|---|---|
| A. लीना | 1. फारस की खाड़ी |
| B. आमूर | 2. आर्कटिक सागर |
| C. टिगरिस | 3. अरब सागर |
| D. माही | 4. प्रशान्त महासागर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

66. अगस्त 2016 में चीन ने "मिसियस" उपनाम से एक प्रणाली विकसित की जो
(a) एक प्राचीन चीनी संगीत प्रणाली है ।
(b) एक क्वांटम उपग्रह संचार प्रणाली है ।
(c) एक कम्प्यूटर गेम है ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

67. निम्नलिखित सभ्यताओं का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम कौन सा है ?
(a) माया – एजटेक – मुइस्का – इंका
(b) माया – मुइस्का – इंका – एजटेक
(c) एजटेक – मुइस्का – माया – इंका
(d) एजटेक – माया – मुइस्का – इंका

68. जनसंख्या वृद्धि के स्वरूप को एक दीर्घ कालावधि में घटित क्रमिक परिवर्तन को कहते हैं
(a) जनांकिकीय संक्रमण
(b) जनसंख्या विस्फोट
(c) जनांकिकीय गत्यात्मकता
(d) जनांकिकीय रूपान्तरण

69. करीबा बाँध निर्मित है
(a) काफ्यू नदी पर (b) जाम्बेजी नदी पर
(c) चाम्बेशी नदी पर (d) काबोम्पो नदी पर

70. भारतीय वन सर्वेक्षण के रिपोर्ट के अनुसार भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में भौगोलिक क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिशत वन क्षेत्र है ?
(a) मणिपुर (b) मेघालय
(c) मिज़ोरम (d) नागालैण्ड

71. कोयला मंत्रालय के रिपोर्ट के अनुसार 1-4-2014 को निम्नलिखित राज्यों के प्रमाणित कोयला भण्डार की दृष्टि से सही अवरोही क्रम है :
(a) छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखण्ड, मध्य प्रदेश
(b) ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखण्ड
(c) झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश
(d) झारखण्ड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश

72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** प्राकृतिक साधन वे होते हैं जो किसी क्षेत्र में स्थित हैं तथा भविष्य में भी प्रयोग में लाए जा सकते हैं ।
**कारण (R) :** किसी वास्तविक प्राकृतिक संसाधन का विकास प्रौद्योगिकी एवं उत्पादन लागत पर निर्भर होता है ।
नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

73. अपनी पुस्तक "इन्ट्रोड्यूसिंग कल्चरल ज्यॉग्राफी" में जे.ई. स्पेन्सर एवं डब्ल्यू.एल. टॉमस ने विश्व को कितने सांस्कृतिक विश्व में विभाजित किया है ?
(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

74. निम्नलिखित में से कौन जैविक संसाधन <u>नहीं</u> है ?
(a) शुद्ध जल (b) कोयला
(c) पेट्रोलियम (d) मछली

75. राष्ट्रीय वन नीति (1952) के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा वन का संवर्ग <u>नहीं</u> है ?
(a) राष्ट्रीय वन (b) राष्ट्रीय उद्यान
(c) संरक्षित वन (d) ग्राम वन

76. पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इण्डियन स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट 2015 के अनुसार भारत के पूरे भौगोलिक क्षेत्र का कितना प्रतिशत क्षेत्र वनों और पेड़ों से आच्छादित है ?
(a) 22.48 (b) 23.00
(c) 24.16 (d) 24.48

77. निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों सर्वप्रथम से सबसे बाद के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और पार्क के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
1. साइलेण्ट वैली 2. जिम कार्बेट
3. काज़ीरंगा 4. कान्हा
**कूट :**
(a) 1, 3, 2, 4 (b) 4, 2, 1, 3
(c) 3, 1, 4, 2 (d) 2, 4, 3, 1

78. $\left(1\frac{1}{2} + 11\frac{1}{2} + 111\frac{1}{2} + 1111\frac{1}{2}\right)$ बराबर है
(a) 1236 (b) $1234\frac{1}{2}$
(c) $1235\frac{1}{2}$ (d) 1238

79. निम्नलिखित अक्षर श्रेणी में लुप्त अक्षर क्रम से हैं :
abc _ _ a _ _ b _ _ cb
(a) bcbcbb (b) abcabc
(c) cbbcab (d) accacc

80. ऊर्जा उत्पादन के निम्नलिखित साधनों पर विचार कीजिए :
1. जल 2. प्राकृतिक गैस
3. नाभिकीय 4. डीज़ल
इन्हें भारत में ऊर्जा उत्पादन के कुल प्रतिष्ठापित क्षमता में उनके प्रतिशतांश (30 सितम्बर, 2016) के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।
(a) 1, 3, 4, 2 (b) 3, 2, 1, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 2, 1, 4, 3

81. शैलेश उत्तर की ओर 4 कि.मी. चलता है । वह बाएँ मुड़ता है और 6 कि.मी. चलता है । पुन: वह दाएँ मुड़ता है और 4 कि.मी. चलता है । प्रारम्भिक बिन्दु से वह कितनी दूर है ?
(a) 5 कि.मी. (b) 6 कि.मी.
(c) 14 कि.मी. (d) 10 कि.मी.

82. ABZY : CDWX :: EFVU : ?
(a) GHST (b) HGST
(c) GHTS (d) HGTS

83. यदि SISTER का कूट 212345 हो तथा ARC का 658 हो, तो ARREST का कूट होगा
(a) 655243 (b) 655423
(c) 655324 (d) 655325

84. यदि $3 \times 4 = 1609$
$5 \times 6 = 3625$
और $1 \times 2 = 401$ हो, तो
$4 \times 7$ बराबर है
(a) 1649 (b) 74
(c) 148 (d) 4916

85. निम्नलिखित चार्ट में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 |
| 17 | 12 | 8 |
| 23 | – | 38 |


(a) 25 (b) 27
(c) 30 (d) 32

86. एक सामान्य पासा दो बार उछालने पर प्रायिकता कि दोनों बार प्राप्त संख्याओं का योग 6 हो, होगी
(a) $\frac{5}{36}$ (b) $\frac{1}{6}$
(c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{2}$

87. यदि एक घन की प्रत्येक भुजा 10% कम कर दी जाए, तो उसका आयतन कितना कम हो जाएगा ?
(a) 27.1% (b) 17.2%
(c) 30.0% (d) 10.0%

88. किसी पंक्ति में P बाएँ से 10वें तथा Q दाएँ से 12वें स्थान पर है । यदि P और Q अपने स्थान परस्पर बदल लें तो P बाएँ से 18वाँ हो जाता है । P और Q के अतिरिक्त पंक्ति में अन्य व्यक्तियों की संख्या है :
(a) 29 (b) 27
(c) 26 (d) 24

89. निम्नलिखित में लुप्त संख्या है :




(a) 29 (b) 39
(c) 37 (d) 49

90. एक लड़के से कहा गया कि वह एक संख्या के आधे को 6 से भाग दे, शेष आधे को 10 से भाग दे और प्राप्त उत्तरों को जोड़ दे । उसने समय बचाने के लिए संख्या को ½ (6 + 10) से भाग दे दिया । उसका प्राप्त उत्तर वास्तविक उत्तर से होगा

(a) कम
(b) अधिक
(c) वही
(d) संख्या पर निर्भर करता है ।

91. एक धन A, B, C और D में इस प्रकार बाँटा गया कि A और B 3 : 5 के अनुपात से, B और C 6 : 7 के अनुपात से और C और D 8 : 9 के अनुपात से प्राप्त करें । A और D को प्राप्त होने वाले भागों का अनुपात है

(a) 36 : 35
(b) 19 : 21
(c) 33 : 37
(d) 16 : 35

92. दो संख्याओं का योग 10 तथा उनके वर्गों का अन्तर 40 है । दोनों में बड़ी संख्या कौन सी है ?

(a) 5
(b) 7
(c) 9
(d) 11

93. यू.पी. में 2011 की भारत की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर है

(a) 70.05%
(b) 68.21%
(c) 67.68%
(d) 65.41%

94. भारत के समस्त राज्यों में क्षेत्रफलानुसार उत्तर प्रदेश का क्या स्थान है ?

(a) पहला
(b) दूसरा
(c) तीसरा
(d) चौथा

95. किस वर्ष भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना हुई ?

(a) 1975
(b) 1965
(c) 1985
(d) 1995

96. निम्नलिखित में से किस स्थान को सितार और सुरबहार संगीत के इमदाद खानी घराना के लिए जाना जाता है ?

(a) आगरा
(b) लखनऊ
(c) इटावा
(d) वाराणसी

97. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

| | फसल | | प्रजाति |
|---|---|---|---|
| (a) | धान | – | गोविन्द |
| (b) | गेहूँ | – | शुष्क सम्राट |
| (c) | अरहर | – | पारस |
| (d) | मटर | – | प्रकाश |

98. निम्नलिखित में से किस जिले में 'मार-मृदा' पाई जाती है ?

(a) कानपुर
(b) प्रतापगढ़
(c) सीतापुर
(d) झाँसी

99. A का भाई B है, B की पत्नी C है, E, A की बेटी है । D, B का पुत्र है । F, E का भाई है । G, D की बहन है । तो A, G का क्या है ?

(a) पिता
(b) भाई
(c) चाचा
(d) चचेरा भाई

100. निम्नलिखित में से किस स्थान पर मुड़िया पूर्णिमा मेला का आयोजन किया जाता है ?

(a) बटेश्वर
(b) कन्नौज
(c) गोवर्धन
(d) सरधाना

101. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूटों से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची - I (जिला) | सूची - II (उत्पाद) |
|---|---|
| A. अलीगढ़ | 1. विद्युत करघा के उत्पाद |
| B. फिरोजाबाद | 2. ताले |
| C. मुरादाबाद | 3. पीतल के बर्तन |
| D. टाँडा | 4. चूड़ियाँ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

102. निम्नलिखित में से किसका जन्म आगरा में हुआ था ?

(a) मीर
(b) अमीर खुसरो
(c) फिराक
(d) गालिब

103. निम्नलिखित में से किस नगर में राजकीय ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश अवस्थित है ?

(a) लखनऊ
(b) वाराणसी
(c) मथुरा
(d) इलाहाबाद

104. निम्नलिखित में से किसने शम्भू महाराज को हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी ?

(a) नत्थू खान
(b) रहीमुद्दीन खान
(c) सुजान खान
(d) अब्दुल करीम खान

105. निम्नलिखित में से कौन परमवीर चक्र विजेता नहीं है ?

(a) संजय कुमार
(b) मनोजकुमार पाण्डे
(c) नीरजकुमार सिंह
(d) योगेन्द्र सिंह यादव

106. निम्नलिखित में से कौन उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्य मन्त्री थीं ?

(a) श्रीमती राजेन्द्रकुमारी बाजपेयी
(b) श्रीमती सुचेता कृपलानी
(c) सुश्री. मायावती
(d) श्रीमती सरोजिनी नायडू

107. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

| | स्थान | उत्पाद |
|---|---|---|
| (a) | लखीमपुर-खीरी | – नक्काशीदार काष्ठ शिल्प |
| (b) | खुर्जा | – मृत्तिका शिल्प |
| (c) | मेरठ | – खेलकूद के सामान |
| (d) | जलेसर | – ढलवाँ घण्टियाँ |

108. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है ?

(a) थर्मोरेसिस्टर – इलेक्ट्रॉनिक थर्मामीटर

(b) संधारित्र – थर्मामीटर

(c) बाईपोलर जंक्शन ट्रान्जिस्टर – दिष्टकारी

(d) जंक्शन डायोड – आवर्धक

109. स्ट्रैटेलाइट होता है

(a) समतापमण्डल का सबसे ऊपरी बैण्ड

(b) समतापमण्डल का सबसे निचला बैण्ड

(c) अधिक ऊँचाई पर समतापमण्डल में स्थापित वायुपोत

(d) शनि का प्राकृतिक उपग्रह

110. नाभिकीय संलयन रिएक्टरों के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

i. वे भारी नाभिकों के विखण्डन के सिद्धान्त पर कार्य करते हैं ।

ii. साधारणतया उनकी टोकमाक डिजाइन होती है ।

iii. वे बहुत अधिक तापक्रम पर कार्य करते हैं ।

इनमें से

(a) केवल i और iii सही हैं ।

(b) केवल i और ii सही हैं ।

(c) केवल ii और iii सही हैं ।

(d) i, ii और iii सभी तीनों सही हैं ।

111. निम्नलिखित में से कौन ट्रॉन्जिस्टर का एक महत्त्वपूर्ण भाग है ?

(a) आर्सेनिक (b) जर्मेनियम

(c) ऑस्मियम (d) रेडियम

112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (A)** : हलके रंगीन कपड़ों को गर्मी में वरीयता दी जाती है ।

**कारण (R)** : हलके रंग ऊष्मा को कम अवशोषित करते हैं ।

नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

113. निम्नलिखित में से किसका उपयोग विस्फोटक के उत्पादन में किया जाता है ?

(a) ग्लिसरॉल (b) मेथैनॉल

(c) यूरिया (d) ऑक्जैलिक एसिड

114. निम्नलिखित में से किसका उपयोग दियासलाई के निर्माण में किया जाता है ?

(a) डाइ-फॉस्फोरस (b) काला फॉस्फोरस

(c) लाल फॉस्फोरस (d) सिन्दूरी फॉस्फोरस

115. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है ?

(a) स्वप्रतिरक्षित रोग – सन्धिवात संधिशोथ

(b) आनुवंशिक रोग – क्षयरोग

(c) पामा रोग – चिंचड़ी

(d) मानसिक रोग – मनोविदलता

116. साँप के जहरीले विषदन्त होते हैं रूपान्तरित रूप हैं :

(a) चिबुकास्थि दन्त के (b) तालु दन्त के

(c) श्वानीय दन्त के (d) जम्भिका दन्त के

117. मच्छरों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केवल नर रक्त चूसते हैं ।
2. केवल मादा रक्त चूसती हैं ।
3. मादा पौधों का रस चूसती हैं ।
4. मादा की अपेक्षा नर के डैने बड़े होते हैं ।
5. नर की अपेक्षा मादा के डैने बड़े होते हैं ।

इनमें से

(a) केवल 2 और 4 सही हैं ।

(b) केवल 1 और 2 सही हैं ।

(c) केवल 3 और 5 सही हैं ।

(d) केवल 2 और 5 सही हैं ।

118. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के अन्त में दिए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. हड्डियों में उपस्थित यौगिक | 1. लैक्टिक एसिड |
| B. सिरका में उपस्थित अम्ल | 2. एथिलीन |
| C. दूध का खट्टा होना | 3. ऐसीटिक एसिड |
| D. फलों का पकना | 4. कैल्सियम फॉस्फेट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

**कथन (A)** : कस्कुटा (अमरबेल) परजीवी आवृतबीजी का एक उदाहरण है ।

**कारण (R)** : यह पोषी पौधों की पत्तियों से अपना पोषण प्राप्त करता है ।

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(c) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।
(d) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।

120. सूची – I तथा सूची– II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियान्त्रिकी अनुसन्धान संस्थान | 1. राजामुन्द्री |
| B. केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसन्धान संस्थान | 2. नागपुर |
| C. केन्द्रीय आलू अनुसन्धान संस्थान | 3. शिमला |
| D. केन्द्रीय तम्बाकू अनुसन्धान संस्थान | 4. मैसूरु |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

121. निम्नलिखित में से कौन सही रूप से सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) यीस्ट – किण्वन
(b) कैसीन – दुग्ध प्रोटीन
(c) एलोवेरा – आवृतबीजी
(d) घटपर्णी – परजीवी आवृतबीजी

122. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(a) विटामिन 'ए' – रतौंधी
(b) विटामिन "बी-3" – पेलाग्रा
(c) विटामिन 'डी' – वर्णान्धता
(d) फोलिक ऐसिड – रक्ताल्पता

123. निम्नलिखित शासकों में से किसके लिए "एका ब्राह्मण" प्रयुक्त हुआ है ?

(a) पुष्यमित्र शुङ्ग
(b) खारवेल
(c) गौतमीपुत्र शातकर्णि
(d) सुशर्मन्

124. निम्नलिखित में से किसका शिखर द्रविड़ शैली में बना हुआ है ?

(a) भितरगाँव मंदिर
(b) ग्वालियर का तेली मंदिर
(c) कन्दरिया महादेव मंदिर
(d) ओसिया मंदिर

125. बुद्ध द्वारा रूपान्तरित निम्न व्यक्तियों में से कौन सा अन्तिम था ?

(a) आनन्द (b) वसुमित्र
(c) गोशल (d) सुभद्द

126. समुद्रगुप्त के प्रयाग प्रशस्ति वाले स्तम्भ पर निम्नलिखित में से किसका लेख मिलता है ?

(a) जहाँगीर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगज़ेब (d) दारा शिकोह

127. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

| | सूची – I (राजवंश) | | सूची – II (सिक्कों की धातुएँ) |
|---|---|---|---|
| (a) | कुषाण | – | स्वर्ण एवं ताम्र |
| (b) | गुप्त | – | स्वर्ण एवं रजत |
| (c) | सातवाहन | – | स्वर्ण |
| (d) | कलचुरि | – | स्वर्ण, रजत एवं ताम्र |

128. निम्नलिखित में से किस परिवार ने सर्वप्रथम अकबर के साथ वैवाहिक सम्बंध स्थापित किया था ?

(a) राठौर (b) सिसोदिया
(c) कछवाहा (d) चौहान

129. निम्नलिखित में से कौन सी इल्तुतमिश के राज्यकाल में सल्तनत की राजधानी थी ?

(a) आगरा (b) लाहौर
(c) बदायूँ (d) दिल्ली

130. निम्नलिखित में से कौन सा 'बर्ड फ्लू' का कारक है ?

(a) $H_5N_1$ (b) $H_1N_1$
(c) ज़ीका (d) रेट्रो

131. निम्नलिखित में से कौन राजा मुहम्मद गोरी द्वारा चन्दावर के युद्ध में पराजित किया गया था ?
(a) पृथ्वीराज चौहान (b) जयचन्द
(c) कुमारपाल (d) भीमा II

132. निम्नलिखित में से किसका मकबरा भारत से बाहर स्थित है ?
(a) हुमायूँ (b) औरंगजेब
(c) जहाँदार शाह (d) जहाँगीर

133. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. हॉकिन्स | 1. 1615-1619 |
| B. टामस रो | 2. 1608-1611 |
| C. मनुची | 3. 1585-1586 |
| D. राल्फ फिश | 4. 1653-1708 |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

134. 1857 के विद्रोह के दौरान बहादुर शाह ने किसे 'साहब-ए-आलम बहादुर' का ख़िताब दिया था ?
(a) अजीमुल्लाह (b) बिरजिस कद्र
(c) बख़्त खान (d) हसन खान

135. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. पॉण्डिचेरी | 1. डच |
| B. गोवा | 2. फ्रेंच |
| C. ट्रानकेबार | 3. पोर्टुगीज |
| D. मद्रास | 4. डेनिश (डेन) |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

136. निम्नलिखित में से किसने महाभारत का फारसी में अनुवाद किया था ?
(a) अब्दुल क़ादिर बदायूँनी
(b) अबुल फज्ल
(c) निजामुद्दीन अहमद
(d) शेख मुबारक

137. असम के सर्वप्रथम चाय कम्पनी की स्थापना कब हुई थी ?
(a) 1835 में (b) 1837 में
(c) 1839 में (d) 1841 में

138. निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिए :
"1853 में जन्मे ये पश्चिमी भारत के पारसी थे । ये "इण्डियन स्पेक्टेटर" तथा "वायस ऑफ इण्डिया" के सम्पादक थे । ये एक समाज सुधारक थे और सम्मति आयु अधिनियम 1891 के पक्ष में प्रमुख संघर्षकर्ता थे ।"
उपर्युक्त पैराग्राफ किसके विषय में है ?
(a) दादाभाई नौरोजी (b) बी.एम. मालाबारी
(c) बी.पी. वाडिया (d) नौरोजी फरदौन जी

139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A) :** जवाहरलाल नेहरू ने दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1932) में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रतिनिधित्व किया था ।
**कारण (R):** गान्धी इरविन समझौता (1931) में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का दूसरे गोलमेज सम्मेलन (1932) में भाग लेना अन्तर्निहित था ।
नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।

140. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अन्त में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची – I (क्रान्तिकारियों के नाम) | सूची – II (स्थान) |
|---|---|
| A. नाना साहेब | 1. दिल्ली |
| B. नवाब हामिद अली खान | 2. कानपुर |
| C. मौलवी अहमद उल्लाह | 3. लखनऊ |
| D. मनी राम दीवान | 4. असम |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |